**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 774**

**उत्तर देने की तारीख : 07.02.2023**

**ट्रांसजेंडरों को आरक्षण**

**774. श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल:**
**प्रो. रीता बहुगुणा जोशी:**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**
**डॉ. सुजय विखे पाटील:**
**श्रीमती रंजनबेन भट्ट:**
**डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:**
**श्री कृष्णपालसिंह यादव:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकारी और निजी क्षेत्र की नौकरियों में नियोजित ट्रांसजेंडरों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीकृत ट्रांसजेंडरों की संख्या कितनी है;

(ग) ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ भेदभाव को खत्म करने के लिए सरकार की क्या नीति है; और

(घ) क्या सरकार ट्रांसजेंडर समुदाय को आरक्षण देने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री ए. नारायणस्वामी)**

**(क):** मंत्रालय में ऐसी कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

**(ख):** अब तक कुल 10653 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर व्यक्ति पोर्टल के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है।

**(ग):** उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 लागू किया गया है। यह अधिनियम ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के विरूद्ध किसी भी प्रकार के भेदभाव पर रोक लगाता है।

**(घ):** वर्तमान में ऐसा कोई भी प्रस्ताव नहीं है।

*****